RNI NO. - CHHHIN/2011/38292



13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



हो जाओ सावधान

Bharatsamman.com   Bharat samman   Bharat Samman

वर्ष-14 अंक-30 | अम्बिकापुर, शुक्रवार, 10 मई 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# नवीन ने ओडिशा के विकास के लिए नवीन कुछ नहीं किया : विष्णु देव साय

## ओडिशा को चाहिए मोदी जी की अगुआई वाली डबल इंजन सरकार, छत्तीसगढ़ की जनता ने समझी डबल इंजन सरकार की महत्ता, अब ओडिशा की जनता भी चाहती है

**रायपुर/कोरापुट।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को ओडिशा के लक्ष्मीपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव है। मोदी जी गरीब परिवार से आते हैं, इसलिए गरीबों की पीड़ा उन्हें पता है। मोदी जी 18 घंटे काम करते हैं। गरीबों को गैस सिलेंडर देने, घर बनाने, स्वच्छ पानी, उपचार की सुविधा, खाता खुलवाने से लेकर स्वच्छता शौचालय बनवाने का काम मोदीजी की सोच से संभव हुआ है। जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने के साथ देश को आतंकवाद से मुक्ति दिलाने का काम पिछले दस साल में हुआ है।

श्री साय ने कहा कि ओडिशा में खनिज और वन संपदा की कोई कमी नहीं है लेकिन फिर भी यहां गरीबों का जैसा कल्याण होना चाहिए वह नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि ओडिशा में भी डबल इंजन की सरकार बनानी होगी। यदि यहां राज्य में भी भाजपा की सरकार बनती है तो केंद्र सरकार की सभी योजनाएं अच्छे से क्रियान्वित होंगी। सीएम साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने से काफी लाभ होता है। छत्तीसगढ़ में 15 साल भाजपा की सरकार थी, लेकिन पांच साल के लिए कांग्रेस ने सत्ता संभाली तो भ्रष्टाचार को जमकर बढ़ावा मिला। तीन महीने पहले आई भाजपा सरकार ने एक बार फिर विकास कार्यों को गति दे रही है। डबल इंजन की सरकार ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने विशाल विजय संकल्प रैली में पहुंचे लोगों से आह्वान किया कि 13 मई को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को आशीर्वाद प्रदान करें। डबल इंजन की सरकार बनाएं।



### खराब मौसम के बावजूद सभा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ख़राब मौसम के बाद भी सभा लेने पहुंचे। उन्होंने कहा कि ख़राब मौसम के कारण मौसम विभाग हेलीकॉप्टर उड़ाने की अनुमति नहीं दे रहा था। लेकिन सब कुछ भगवान जगन्नाथ पर छोड़कर वे यहाँ पहुंचे। श्री साय ने डेढ़-दो घंटे विलम्ब होने पर जनता से माफ़ी भी मांगी। जनसभा में लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कालेराम माझी, लक्ष्मीपुर विधानसभा के प्रत्याशी कैलाश कुलसिका, छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप तथा विधायक पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# हाथी के हमले से जंगल गए ग्रामीण की मौत

## छाल रेंज के भलमुड़ी इलाक़े की घटना, तेंदू पत्ता बांधने की रस्सी लेने गया था जंगल

**कुड़ेकेला।** धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत हाथियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी के बीच एक बार फिर से जनहानि की ख़बर सामने आई है। इस घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक तेंदू पत्ता बांधने की डोर लेने जंगल की ओर गए एक ग्रामीण की हाथी के हमले से मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम यह घटना हुई। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को इस मामले की सूचना दी गई। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही विभागीय अधिकारी वन अमले के साथ मौके पर पहुंचे और आगे की आवश्यक कार्यवाही में जुट गए हैं। हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत का यह मामला छाल रेंज अंतर्गत औरानारा परिसर के भलमुड़ी जंगल में सामने आया है।

हाथी से जनहानि के इस मामले में आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 79 वर्षीय सुबरन राठिया बीते दिनांक 08 मई को सुबह 8 बजे घर से तेन्दु पत्ता गड्डी बांधने जंगली रस्सी लेने अपने खेत के पास के जंगल गया था। शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर 09 मई आस पास के जंगल में खोजबीन करने के दौरान औरानारा परिसर के कक्ष क्रमांक 519 आर एफ जंगल के अन्दर सुबरन मृत अवस्था में पड़ा मिला। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान एवं आस पास हाथी के पैर के निशान मिला है। साथ ही मृतक



के पास ही तेन्दु पत्ता बांधने की रस्सी भी मिली है। विदित है कि तेंदू पत्ता का सीजन शुरू हो गया है। ग्रामीणों की आय के मुख्य स्त्रोतों में शामिल तेंदू पत्ता की तुड़ाई को लेकर वन विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें ग्रामीणों को किसी भी कार्य के लिए जंगल के भीतर जाने से परहेज करने की सलाह दी जा रही है। वर्तमान समय में छाल रेंज अंतर्गत बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं। विभागीय रिर्पोट के अनुसार वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान समय में कुल 127 हाथी विचरण कर रहे हैं। जिसमें छाल रेंज अंतर्गत 59, धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में 48, कापू रेंज में 13 और बोरो रेंज अंतर्गत 7 हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई है।

### जिले में 132 हाथी कर रहे विचरण

वन विभाग के अनुसार इन दिनों रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में जहां 127 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं वहीं रायगढ़ वन मंडल के जंगलों में 5 हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों के दल में सर्वाधिक धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के क्रोन्धा में 37 हाथी, छाल के पुरूंगा में 26, छाल के बेहरामार में 16, कापू में 12, के अलावा अलग-अलग बीट में हाथियों का विचरण कर रहा है। हाथियों के इस दल में नर 37, मादा 60 के अलावा 35 बच्चे शामिल हैं।

### 8 किसानों की फसल को नुकसान

धरमजयगढ़ वन मंडल में अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हाथियों ने बीती रात 9 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें छाल के हाटी, खर्रा, कीदा पुरूंगा, गेरवानी में 5 किसानों की धान की फसल, बनहर में 1 किसान की धान की फसल, खडगांव में एक किसान की धान की फसल के अलावा बरतापाली में एक किसान की धान की फसल शामिल है।

# बंटवारे के 20 साल बाद जमीन विवाद को लेकर भाई से की मारपीट

**महासमुंद।** महासमुंद थाना क्षेत्र के ग्राम भलेसर में जमीन विवाद की बात को लेकर अश्लील गाली गलौज करते हूए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है. दयालू राम साहू ने पुलिस को बताया कि ग्राम भलेसर में उसकी पैतृक जमीन है. जसमे से कुछ जमीन वह करीब 20 साल पहले गांव के सार्वजनिक भवन के लिये दान मे दिया है. तथा उसी सार्वजनिक भवन से लगी जमीन पर दयालु राम का कब्जा है. जहाँ वह अपने परिवार के लोग के साथ साग भाजी एवं गोबर थापने का काम करते आ रहा है. दयालू राम ने बताया कि 8 मई 2024 को सुबह 7 बजे जब वह अपने घर के बाहर परछी में बैठकर मंजन घस रहा था उसी समय उसका बड़ा भाई बलदेव साहू और उसका लड़का नेहरू साहू उसके पास आये और बोलने लगे की सार्वजनिक भवन से लगी जमीन मेरे हिस्से की है इस जमीन को आप अपना कब्जा हटा लो. यह सुनने पर दयालू राम ने अपने भाई को कहा कि हमारा पैतृक सम्पत्ति का बंटवारा आज से करीब 20 साल पहले हो गया है, अब इस जमीन को अपना क्यो बोल रहे हो. और ऐसा कहते ही बलदेव साहू और उसका लड़का नेहरू साहू दयालु राम को मां बहन की गाली देने गले. जिन्हें गाली देने से मना करने पर तु कब्जा किया है उपर से बहुत होशियार बनता है कहकर हाथ मुक्का से मारने लगे और जमीन पर पटक दिये. जिसपर दयालु बचाव के लिए चिल्लाया. तब गांव का हेमलाल सिन्हा और दयालु की पत्नी सोना बाई साहू और गांव के बहुत सारे लोग आकर झगड़ा को छुडवाये. दयालु ने बताया कि बलदेव साहू एवं नेहरू साहू के द्वारा मारने से उसके दाहिने पैर की जांघ, एवं दांत टूटा है. तथा जाते जाते दोनों आज तु बच गया नही तो तुझे जान से खतम कर देते कहकर वहां से चले गए. मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बलदेव साहू व नेहरू साहू के खिलाफ अपराध धारा 294-आईपीसी, 323-आईपीसी, 34-आईपीसी, 506-आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# महादेव सट्टा मामले में ईओडब्ल्यू की प्रदेश के कई शहरों में कार्रवाई, सहेली और अलंकार ज्वेलर्स में मारा छापा

**रायपुर/दुर्ग।** महादेव सट्टा मामले में ईओडब्ल्यू बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने में जुटा है. आज सुबह से ही ईओडब्ल्यू की टीम प्रदेश भर में रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर, राजनांदगांव, कांकेर सहित अन्य जगहों पर एक साथ छापेमारी कर रही है. ईओडब्ल्यू के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में सुरक्षा बल भी कार्रवाई में शामिल हैं।

दुर्ग में सराफा व्यापारियों के निवास और दुकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने रेड मारी है. सहेली ज्वेलर्स और अलंकार ज्वेलर्स के संचालक की दुकान और



निवास पर सुबह-सुबह पहुंचकर दस्तावेजों की पड़ताल के साथ पूछताछ कर रही है. अलंकार ज्वेलर्स के संचालक प्रकाश सांखला के निवास पर पहले भी आईडी और ईडी की टीम छानबीन कर चुकी है। इसके साथ ही एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम भिलाई के सूर्या विहार स्थित महादेव सट्टा एप के मुख्य सरगना सौरभ चन्द्राकर के चाचा दिलीप चन्द्राकर के निवास पर भी पहुंची है. टीम बैंक एवं प्रापर्टी सबंधित दस्तावेज खंगाल रही है।

### आरक्षक का घर किया सील

महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्ल्यू की टीम कांकेर-चारामा के वार्ड नंबर 13 स्थित हवलदार विजय पांडे के घर सुबह पांच बजे पहुंची. लेकिन घर पर ताला लगा होने के कारण बाहर ही टीम के सदस्य खड़े होकर परिवार के सदस्य के आने का इंतजार करते रहे. लंबे समय तक इंतजार के बाद भी किसी सदस्य के नहीं पहुंचने पर घर को सील करने की कार्रवाई की गई. महादेव सट्टा एप मामले में कांकेर में यह ईओडब्ल्यू की पहली बार कार्रवाई है।

### बलौदा और बसना पुलिस ने दर्ज किए आबकारी एक्ट के मामले

**महासमुंद।** महासमुंद जिले की बलौदा और बसना पुलिस ने 8 मई 2024 को अवैध महुआ शराब के मामले में दो अपराध दर्ज किये हैं. जिसमे बलौदा पुलिस ने 8 मई को ग्राम कालीदरहा एवं गेर्रा मार्ग में आरोपी गवानो नंद पिता समारू नंद उम्र 70 साल निवासी गेर्रा को अवैध रूप से शराब बिक्री करने वास्ते रखे पाए जाने पर उसके कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब कीमती 800 रू को जप्त कर अपराध कायम कर कार्यवाही में लिया. जबकि बसना पुलिस ने वार्ड नंबर 01 में आरोपीया शांती ओगरे पति प्यारीलाल उम्र 41 साल निवासी वार्ड नं. 01 से अवैध शराब बिक्री करने वास्ते रखे पाए जाने पर उसके कब्जे से 4000 रू महुआ शराब कीमती 800 रू को जप्त कर अपराध कायम कर कार्यवाही में लिया.





आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

**भारत सम्मान**

**इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

**इन पदों में होंगे नियुक्त...**

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप्प No. 09303890212 पर भेजे।

**नोट**

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, शुक्रवार, 10 मई 2024


# संपादकीय

## झूठ फैलाने का आरोप

देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पूर्व तथा वर्तमान कुलपतियों समेत तकरीबन दो सौ शिक्षाविद् ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चिट्ठी लिखी है जिसमें उनके एक बयान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस खुली चिट्ठी में विश्वविद्यालय के प्रमुख पद की नियुक्ति प्रक्रिया पर कांग्रेस नेता पर झूठ फैलाने का आरोप है। राहुल के दावों को खारिज करते हुए उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया पारदर्शी है जिसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं। यह विवाद राहुल के आरोप के बाद पैदा हुआ। उनके अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में नियुक्ति में हिन्दूवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्धता प्रमुख आधार है। यह विवाद ऐसे वक्त पैदा हुआ है, जब लोक सभा के चुनाव चल रहे हैं। कहना गलत नहीं है कि कुलपतियों की नियुक्ति सत्ताधारी दलों के हितों पर ही केंद्रित रही है। कुलपति ही नहीं, शिक्षकों के चयन में भी वैचारिक झुकाव को प्राथमिकता दी जाती है। फिर भी शैक्षणिक संस्थानों के उच्च पदों पर बैठे लोगों से उम्मीद की जाती है कि निजी राय को सार्वजनिक करने से बचें। मोदी सरकार के सत्ता में आने से पूर्व आरोप लगते थे कि वामपंथी विचारधारा वालों को तरजीह दी जाती है। चुनाव के दरम्यान राजनीतिक दल और राजनेता एक-दूसरे पर कटाक्ष करने से नहीं चूकते। यह लोकतंत्र है, यहां सारा इख्तियार जनता जनार्दन के हाथ में होता है। बावजूद इसके समझदारी यही है कि सार्वजनिक रूप से कमर के नीचे वार करने से बचा जाए। जब तक हाथ में किसी तरह के साक्ष्य न हों, आरोप-प्रत्यारोप से बचने का प्रयास होना चाहिए। बीते हफ्ते ही एक नामी निजी विश्वविद्यालय के छात्रों का प्रदर्शन मखौल बन गया। हमारे शिक्षण संस्थान अपना स्तर उठाने की बजाय बेतुके कारणों से चर्चा का केंद्र बन रहे हैं। यदि संस्थानों के शीर्ष पदाधिकारी अपने सम्मान की रक्षा के लिए उचित कदम नहीं उठाएंगे तो छात्रों के समक्ष बेहतरीन उदाहरण पेश करने में असफल कहलाएंगे परंतु अपवादस्वरूप इन आरोपों में तनिक भी सच्चाई है और इन उच्च और सम्मानित पदों के बंटवारे में पक्षपात हुआ है, तो यह नौजवानों को गलत संदेश देने वाला साबित हो सकता है। बेहतर होता कि शिक्षाविद विश्व की विश्वविद्यालय क्रम-सूची में आने के प्रयास करते नजर आते, नकि अपनी निष्ठा किसी दल विशेष या राजनेता में जताने की मशक्कत में एकजुट होते।

# राजभवन पहुंची कांग्रेस, नीट परीक्षा में गलत प्रश्न पत्र से प्रभावित स्टूडेंट्स के लिए न्याय की रखी मांग



### परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़

वहीं इस मामले में संबंधित क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि, राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में इस तरह की लापरवाही परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसकी जाँच किया जाना आवश्यक है। इस घटना से परीक्षार्थियों एवं पालकों में रोष व्याप्त है। इनको हुए नुकसान की भरपाई को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावित परीक्षार्थियों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित किया जाना या उन्हें क्षति हुए समय के बदले बोनस अंक प्रदान किया जाना न्यायसंगत होगा। उन्होंने आगे कहा- हमने राज्यपाल से निवेदन किया है की प्रभावित परीक्षार्थियों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित किये जाने या उन्हें बोनस अंक प्रदान किये जाने की व्यवस्था की पहल करते हुए उक्त घटना की जाँच हेतु निर्देशित करने का कष्ट करेंगे।

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में नीट 2024 की परीक्षा के दौरान गलत पेपर बांटे जाने के मामले में जाँच की मांग लेकर कांग्रेस आज राजभवन पहुंची। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से इस मामले में स्टूडेंट्स की शिकायतों और परीक्षा में हुए लापरवाही की जांच की मांग को लेकर चर्चा की। दरअसल, 5मई को बालोद में मेडिकल क्षेत्र की सबसे बड़ी परीक्षा नीट के लिए बालोद जिले में 2 परीक्षा केंद्र बनाये गए. इस दौरान कुल 391 परीक्षार्थियों को पहले गलत परीक्षा पेपर दे दिया गया और 45 मिनट बाद यह बताते हुए कि, गलत प्रश्न पत्र बंट गया, प्रश्न पत्र बदल कर सही प्रश्न पत्र दिया गया। लेकिन इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी परीक्षार्थियों को मांग करने के बाद भी अतिरिक्त समय नहीं दिया गया। इस बड़ी लापरवाही के बाद से स्टूडेंट्स के नुकसान को लेकर उनके परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

अब इस मामले में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने राजभवन पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रवक्ता विकास तिवारी ने राज्यपाल से मुलाक़ात कर प्रभावित छात्र-छात्राओं की मांगो पर चर्चा की।

# पत्नी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान

## 7 पन्नों के सुसाइड नोट में लिखी दुनिया को अलविदा कहने की वजह




दुर्ग। भिलाई में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. खुदकुशी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. इस दौरान मृतक के पास से 7 पन्ने का सुसाइड नोट बरामद हुआ है. जिसमें युवक ने अपनी पत्नी से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात कही है. यह मामला छावनी थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र में 35 वर्षीय सुमीत कुमार गिरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सुमीत कुमार ने 7 पन्ने का सुसाइड नोट लिखा है. सुनील ने अपने पत्नी से तलाक के लिए लगाए आवेदन की पेशी के दिन ही सुसाइड कर लिया है. सुसाइड लेटर में मृतक ने लिखा है कि वह अपनी पत्नी से परेशान होकर आत्महत्या कर रहा है. पत्नी अपने बच्चों के साथ सेक्टर सिक्स स्थित मायके में निवासरत थी. सुसाइड नोट में मृतक ने बताया है कि उसकी पत्नी उसे अपने दोनों बच्चों से नहीं मिलने देती थी. जिसके चलते सुमित काफी दिनों से परेशान चल रहा था। सुमीत अंबिकापुर में निजी कंपनी में जॉब करता था. वहीं पत्नी भी भिलाई में जॉब करती थी. सुमीत और उसकी पत्नी तीन साल से अलग रह रहे थे. दो साल पहले सुमीत ने अपनी पति से तलाक के लिए आवेदन लगाया था. वहीं आज इस तलाक के मामले में सुमित की पेशी थी. सुमीत की पत्नी सुमित को तलाक नहीं देना चाहती। सुमित की आत्महत्या के बाद कैंप स्थित जागृति चौक पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. वहीं आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक के शव को सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल में रखा गया है. फिलहाल, पुलिस पत्नी और परिजनों से पूछताछ कर जांच कर रही है।



# ढाबे में खरसिया पुलिस की रेड, 45 पाव देशी व अंग्रेजी शराब जब्त

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस को पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि हेमंत डनसेना अपने ढाबा में अवैध बिक्री के लिए मोटर सायकल स्प्लेंडर पर शराब लेकर खरसिया से भालूनारा की ओर आ रहा है। सूचना पर खरसिया पुलिस मेन रोड़ चोढ़ा के पास घेराबंदी कर संदेही हेमंत डनसेना को हिरासत में लिया गया जिसके पास रखे बैग में रखे 35 पाव देसी प्लेन, 10 पाव जम्मू विस्की अंग्रेजी शराब एवं 02 पाव मैकडॉवेल नंबर वन शराब जुमला 45 पाव शराब कीमती 5,000 एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्प्लेंडर सीजी 13 यू.बी. 7948 कीमती 20000 जप्त किया गया। आरोपी- हेमंत डनसेना पिता पूरन लाल डनसेना 26 साल निवासी ग्राम भालूनारा थाना खरसिया के विरुद्ध थाना खरसिया में अपराध धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## कविता




जन्म देकर मां तुमने
मुझ पर किया उपकार।
तेरी स्नेह की छाँवो में
सदा रहूं मैं निहाल।।

हर बांधाओ को हरती
करूणा हृदय में ममता।
चांद सी शीतलता तुम में
धरा तुल्य हैं समता।।

शब्दो की संगीत साज हो
फूलो से खिले सूरत।
करूं वंदना सुबहो शाम
भगवान की तुम मूरत।।

जीवन उमंगो से भरा रहें
पग-पग चलना साथ।
भीड़ में कही खो न जाऊं
छोड़ना नही मेरा हाथ।।

अच्छे बुरे का ख्याल रखे
हर समस्या का हो समाधान।
उज्जवल भविष्य कामना
मांगे प्रभु से वरदान।।

पावन गंगा हैं निर्मल
बहती नदियां की धार।
नन्हे पौधे को बड़ा किया
दिए नेक तुमने संस्कार।।

आत्मविश्वास प्रतिभा गुणी
निज भावो के तुम भाषा।
प्रथम गुरू हो ईश्वर से ऊँचा
सुख दु:खो की परिभाषा।।

घर के जिम्मेदारी उठाती
संतानो पर लुटाए प्यार।
कोयल मीठी स्वर तेरी
मां भगवती जैसी संज्ञान।।

तुम मेरे पास हो मां तो
खुशियों का हैं खजाना।
जीवन से अंधकार मिटे
तुझसे ये रौशन जमाना।।

अंतर्मन में तुम बसे हो
बनकर अधरो की मुस्कान।
नित शिश झुकाऊं सदा मैं
मां के चरणो को प्रणाम।।

## चोरी का सामान व चोरी में प्रयुक्त जेसीबी वाहन जब्त, आरोपी भेजे गए जेल

# प्लांट से चोरी 250 मीटर कॉपर वायर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने स्थानीय बी.एस. पावर प्लांट तराईमाल से 07 मई को 250 मीटर कॉपर वायर की चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों को चोरी के अपराध में कोर्ट पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

कल 08 मई को प्लांट के सिक्योरिटी इंचार्ज पंकज चतुर्वेदी द्वारा चोरी के संबंध में थाना पूंजीपथरा में संदेही प्लांट के मिनी जेसीबी वाहन चालक और उसके साथी के खिलाफ लिखित आवेदन दिया गया, जिस पर संदेहियों के विरूद्ध चोरी का अपराध कायम कर माल मुल्जिम पतासाजी में लिया गया। मौके में जांच में पहुंची पूंजीपथरा पुलिस द्वारा प्लांट में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया। फुटेज में प्लांट का मिनी जेसीबी वाहन चालक अनिल पटेल, उसके साथी लोकेश बंजारे की निगरानी में प्लांट से कॉपर वायर को मिनी जेसीबी वाहन में चोरी कर ले जाते दिखा। आरोपी अनिल पटेल को पता तलाश कर हिरासत में लिया गया जिसने अपने मेमोरेंडम पर अपने साथी लोकेश बंजारे के साथ प्लांट से कॉपर वायर की चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपियों के मेमोरेंडम पर करीब 250 मीटर कॉपर वायर कीमती 1,50,000 रुपए एवं



चोरी में प्रयुक्त जेसीबी सीजी 13 ए.एक्स. 9122 को जप्त कर आरोपी अनिल पटेल पिता कांशीराम पटेल उम्र 26 साल निवासी ग्राम रेमडा अमोरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर चांपा हाल मुकाम बीएस प्लांट तराईमाल थाना पूंजीपथरा, लोकेश बंजारे पिता स्वर्गीय डमरू लाल बंजारे उम्र 18 साल निवासी ग्वालिनडीह थाना सारंगढ़ हाल मुकाम बीएस प्लांट तराईमाल थाना पूंजीपथरा को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में माल मुल्जिम पतासाजी में सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम, विजय एक्का, प्रधान आरक्षक रामप्रसाद यादव, विनीत तिर्की एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

# छत्तीसगढ़ में ट्रिपल मर्डर: पति-पत्नी और मासूम की हत्या

## मंदिर दर्शन कर लौटे परिवार की अगले दिन मिली लाश, इलाके में फैली सनसनी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. एक ही कमरे में पति-पत्नी और मासूम की लाश मिली है. घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. मामला में हत्या की आशंका जताई जा रही है. यह पूरा मामला उरगा थाना का है.

जानकारी के अनुसार, उरगा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकरीचोली के निवासी रजक परिवार में पति-पत्नी और दो साल की बच्ची की घर में लाश मिली है. आज सुबह जैसे ही घटना की जानकारी गांव वालों को लगी तो फ़ौरन मामले की सूचना पुलिस को दी गई. मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि जयराम रजक, पत्नी सुजाता रजक और उनकी बच्ची 2 साल की गुरुवार की दरमियानी रात बेरहमी से हत्या कर दी गई है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. मामले को प्रथम दृष्टया हत्या का मानकर जांच में जुटी पुलिस डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद ले रही है. इस बीच शवों का पंचनामा कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है.




मिली जानकारी के अनुसार, उरगा थानांतर्गत ग्राम पंचायत कुकरीचोली के भाटापारा गांव में जयराम रजक अपनी पत्नी सुजाता (25 वर्ष) और दो वर्षीय बेटी जैसिका के साथ संयुक्त परिवार में निवास करता था. जयराम पेशे से ठेकेदार था. बुधवार की सुबह वह पत्नी और बेटी को लेकर पूजा करने मड़वारानी गया था, जहां से दोपहर लगभग 1 बजे घर लौटा, उसके बाद तीनों घर में ही थे. रात लगभग 9 बजे परिवार के साथ उन्होंने भोजन भी किया. आज सुबह करीब 6 बजे उनके कमरे का दरवाजा बंद होने पर बड़े भाई श्रीराम रजक ने जयराम को आवाज लगाई. लगातार आवाज लगाने और कॉल करने पर भी भीतर से जवाब नहीं आने पर टंगिया से दरवाजा तोड़कर अंदर गए. भीतर कमरे में पहुंचकर देखा कि जयराम, उसकी पत्नी और बेटी की रक्तरंजित लाश पड़ी हुई थी. दंपती के गले में फंदा लटका था, साथ में शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे थे. इसके बाद श्रीराम ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया.

### लेन-देन हो सकता है खौफनाक हत्या का कारण

मामले की सूचना मिलते ही उरगा थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. वहीं एएसपी सिद्धार्थ तिवारी और एएसपी यूबीएस चौहान भी मौके पर पहुंच गए. उन्होंने बारिकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया. मामले को प्रथम दृष्टया हत्या के माना जा रहा है. मौके पर सीन ऑफ क्राइम की टीम के सदस्य भी पहुंचे हुए हैं. टीम घटना स्थल और सव का निरीक्षण कर रही है. इस पूरे मामले को लेन-देन के कारण हत्या से जोड़ कर देखा जा रहा है. हालांकि, वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी.





# शहर में मिला विलुप्त प्रजाति का पैंगोलिन, वन विभाग को सौंपा गया वन्य जीव

**रायगढ़।** औद्योगिकरण के नाम पर उजड़ते जंगल के बाद अब वन्य प्राणी भी मानव समुदाय की ओर रुक कर रहे हैं। पेड़ों की कटाई कर जंगलों में लगातार फैक्ट्रियां बैठती जा रही है। जिससे जंगलों में रहने वाले वन्य प्राणी सुरक्षित नजर नहीं आ रहे हैं। हाथी, तेंदुए से लेकर छोटे बड़े जानवर भी अब गांव-कस्बे की ओर आ रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण रायगढ़ में देखने को मिल रहा है। बीती रात दुर्लभ प्राणी पैंगोलिन शहर के जूटमिल क्षेत्र में घुस आया था, जिस पर लोगों की नजर पड़ गई और पूरा मोहल्ला पैंगोलिन को देखने के लिए उमड़ पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार, संरक्षित वर्ग में रखे गए दुर्लभ वन्य जीव पैंगोलिन को बीती रात जूट मिल क्षेत्र के वार्ड नंबर 32 में देखा गया। घनी आबादी वाले क्षेत्र में पैंगोलिन जैसे शर्मीले जीव को देखकर लोगों के भीड़ इकट्ठी हो गई, चीख पुकार मचने पर मामले की जानकारी वार्ड पार्षद को मिली। इसके बाद वे खुद मौके पर पहुंचे और पैंगोलिन की जानकारी निकटस्थ जूटमिल थाने में दी गई।



सूचना पर पुलिस ने पैंगोलिन को अपने संरक्षण में रख लिया। इसके बाद वन विभाग को मामले की जानकारी दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर आई और पैंगोलिन को हेल्थ चेकप के लिए रखा गया।

# पूर्व आईएएस निरंजन दास की नहीं होगी गिरफ्तारी, शराब घोटाला केस में हाईकोर्ट में सुनवाई

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कथित शराब घोटाला केस में ष्टक्क की स्न्नद्बक्र को चुनौती देते दायर याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल और महेश जेठमलानी ने बहस की, जो अधूरी रही। मामले में पूर्व आईएएस निरंजन दास सहित अन्य आरोपियों को अंतरिम राहत मिली है, जिसे हाईकोर्ट ने बरकरार रखा है।



अब 2 जुलाई को मामले में अंतिम सुनवाई होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रदेश में कथित शराब स्कैम की जांच की थी, जिसमें होलाग्राम निर्माता कंपनी से मिलकर शराब कारोबारियों से अवैध वसूली करने का खुलासा किया था। शराब घोटाले में अफसर और नेताओं की भी मिलीभगत होने का आरोप है। ईडी ने प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद इस मामले में एसीबी में केस दर्ज कराया है।

### पूर्व आयुक्त और कारोबारी ने एसीबी की एफआईआर को दी है चुनौती

आबकारी विभाग के पूर्व आयुक्त निरंजन दास और होलोग्राम निर्माता कंपनी से संबंध रखने वाले विधु गुप्ता की ओर से हाईकोर्ट में पेश याचिका में ये तर्क दिया गया है कि ईडी की ईसीआईआर को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इसके बाद भी ईडी ने इसे आधार बनाकर एसीबी में केस दर्ज कराया है, इसलिए, एसीबी की एफआईआर को विधिक आधिकारिता नहीं है, जिसे खारिज किया जाए। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में राज्य शासन ने कहा था कि केस की अंतिम सुनवाई तक उनकी गिरफ्तारी नहीं की जाएगी। अब मामले की अंतिम सुनवाई 2 जुलाई को होगी। प्रकरण में हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट राजीव श्रीवास्तव ने बहस की।

### पूर्व आईएएस टूटेजा और बेटे की याचिका पर भी हुई सुनवाई

इस केस के आरोपी पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा व उनके बेटे यश टुटेजा, अनवर ढेबर सहित अन्य आरोपियों ने भी ईओडब्ल्यू की एफआईआर को चुनौती दी है। इसमें एसीबी और ईओडब्ल्यू की एफआईआर को निरस्त करने की मांग की गई है। बुधवार को टुटेजा की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट सिध्दार्थ अग्रवाल और राज्य सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी के साथ ही उपमहाधिवक्ता विवेक शर्मा ने बहस की। दोनों तरफ से बहस अधूरी रही, अब मामले में अगली सुनवाई गर्मी की छुट्टी के बाद जून में होगी।

# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का ग्रीष्म अवकाश 13 मई से, 10 जून से शुरू होगा नियमित कार्य

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 13 मई से 7 जून तक ग्रीष्म अवकाश घोषित किया गया है. इसके बाद 8 जून को शनिवार और 9 जून को रविवार होने के कारण 10 जून से नियमित कार्य प्रारंभ होगा। अवकाश के दौरान हाईकोर्ट रजिस्ट्री में नियमित कार्य होगा. इस दौरान अधिवक्ता प्रकरण प्रस्तुत कर सकते हैं. अतिआवश्यक मामलों की सुनवाई के लिए विशेष बैंच लगाई जाएगी. यही नहीं अवकाश के दौरान सोमवार व शुक्रवार को अवकाशकालीन बेंच रहेगी. इस लिहाज से 13, 17, 20, 27 व 31 मई और 3 व 7 जून को अवकाशकालीन बेंच लगेगी.


अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212





# लाखा डैम के पास अज्ञात ट्रक की ठोकर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**रायगढ़।** जिले में दुर्घटनाओ का सिलसिला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा, आज भी एक ट्रक ने तीन मोटर साइकिल सवार युवको को अपने चपेट में ले लिया। ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक बुरी तरह से घायल हो गये, गनीमत यह रही की इस दुर्घटना में युवको की जान बच गई। यह दुर्घटना गेरवानी रोड पर स्थित लाखा डैम के सामने शाम 5:30 की है, तीन युवा मोटरसाइकिल पर सवार होकर जिंदल के लिए जा रहे थे, तभी लाखा डैम के सामने एक अज्ञात ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर घटनास्थल से फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी की मोटरसाइकिल सामने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, और तीनों युवक सड़क पर गिर गए, वहां से गुजर रहे लोगों नेघायल युवकों की मदद करते हुए एंबुलेंस को फोन करो दुर्घटना की जानकारी दी।



# छत्तीसगढ़ 10वीं-12वीं बोर्ड के रिजल्ट जारीः दसवीं में 21 तो बारहवीं में 8 छात्रों ने टॉप 10 में बनाई जगह



रायपुर । छत्तीसगढ़ में कक्षा 10वीं और 12वीं के रिजल्ट जारी हो चुके हैं। सीजीबीएसई ने स्टूडेंट्स के परीक्षा परिणाम जारी कर दिये हैं। दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 75.61 प्रतिशत रहा है। वहीं 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष 80.74 प्रतिशत सामने आया है। बता दें, इस बार दोनों कक्षाओं के बोर्ड परीक्षा में 6 लाख 6 हजार 578 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जिनमें 12वीं के 2.61 लाख और 10वीं के 3 लाख 45 हजार 543 स्टूडेंट्स परीक्षाओं में शामिल हुए थे। हर साल 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम हर साल 10 मई तक जारी होते हैं। इस साल भी सीजीबीएसई ने 10 मई से पहले ही रिजल्ट जारी कर दिये हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है. 10वीं में लड़कियों ने बाजी मारी हैं. वहीं 12वीं में भी लड़कियां अव्वल रही. महासमुंद जिले की बेटी महक अग्रवाल ने प्रदेश में टॉप किया है. वहीं दूसरी स्थान पर बलौदाबाजार की कोपल अम्बष्ठ दूसरी स्थान पर है.

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दसवीं-बारहवीं के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी बधाई



मुख्यमंत्री साय ने आज जारी हुए दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम पर सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने दसवीं की टॉपर छात्रा सिमरन शब्बा और बारहवीं की टॉपर छात्रा महक अग्रवाल को बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने असफल विद्यार्थियों से निराश नहीं होने, निरंतर मेहनत करते रहने की बात कही। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स में बधाई संदेश में उन्होंने लिखा है कि शाबाश बेटियों। दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बिटिया सिमरन शब्बा और महक अग्रवाल को बहुत-बहुत बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। परीक्षा में उत्तीर्ण सभी बच्चों, अभिभावकगण एवं शिक्षकों को मेरी शुभकामनाएं और जिन बच्चों के परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं आए उनको निराश नहीं होना है। निरंतर मेहनत करते रहें, भविष्य में और बेहतर करने के कई मौके मिलेंगे। एक दिन सफलता जरूर आपके कदम चूमेगी।

## कक्षा 12वीं में करीब 20 प्रतिशत छात्र हुए फेल, 34 फीसदी स्टूडेंट फर्स्ट डिवीजन से पास, लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने मारी बाजी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है. इस बार के 12वीं कक्षा के परिणाम में 80 प्रतिशत से अधिक छात्र पास हुए हैं. वहीं करीब 20 प्रतिशत छात्र फेल हुए हैं. जिसमें से सिर्फ 34 फीसदी छात्र फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं. बता दें कि वर्ष 2024 के परीक्षा 12वीं में कुल 2 लाख 58 हजार 704 छात्रों ने परीक्षा दी थी। माध्यमिक शिक्षा मंडल से मिली जानकारी के अनुसार, हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 में कुल 2,61,077 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए. इनमें से 2,58,704 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए. जिनमें से 1,13,210 बालक और 1,45,494 बालिकाएं सम्मिलित हुई. इनमें से 2 लाख 58 हजार 575 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये गए। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की कुल संख्या 2,08,789 है. जो परीक्षा देने वालों की संख्या के आधार से कुल 80.74 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं. पास बालिकाओं का प्रतिशत 83.72 और बालकों का प्रतिशत 76.91 है. परीक्षा परिणाम घोषित परीक्षार्थियों में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 88,101 (34.07 प्रतिशत) है. द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 1,09,185 (42.22 प्रतिशत) है. वहीं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 11,498 (4.45 प्रतिशत) है. 05 परीक्षार्थी पास श्रेणी में उत्तीर्ण हुये हैं. 22,232 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता है. कुल 129 परीक्षार्थियों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं. जिसमें 31 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण, 96 परीक्षार्थी पात्रता के अभाव में परीक्षा आवेदन निरस्त किये गये हैं. साथ ही 02 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है. बता दें कि वर्ष 2023 में 12वीं की मुख्य परीक्षा में कुल 3,23,625 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे. जिनमें से 1,43,919 बालक और 1,79,706 बालिकायें सम्मिलित हुई थीं. सम्मिलित परीक्षार्थियों के पास होने का प्रतिशत 79.96 प्रतिशत था. इस प्रकार पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में लगभग 0.78 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



## मजदूर की बेटी और मूर्तिकार के बेटे ने टॉप टेन में बनाई जगह

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज 10वीं और 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित किया. बालोद जिले के 11 छात्र 10वीं टॉप 10 में जगह बनाने में सफल हुए तो वहीं 12वीं की एक मात्र छात्रा हर्षवती साहू टॉप 10 में जगह बनाते हुए 96 प्रतिशत के साथ पांचवां स्थान हासिल किया है. वहीं धमतरी के मूर्तिकार के बेटे समीर चक्रधारी ने 12वीं में टॉप टेन में जगह बनाते हुए प्रदेश में चौथा स्थाना हासिल किया है। स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल झलमला की छात्रा हर्षवती शुरू से मेधावी छात्रा है. उन्होंने दसवीं में भी टॉप टेन में जगह बनाने की कोशिश की थी, लेकिन सफल नहीं हो पाई. आज 12वीं में टॉप टेन में पांचवें स्थान हासिल कर अपने व माता-पिता और जिले का नाम रोशन किया है. परीक्षा परिणाम के आने के बाद घर में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है. वहीं स्कूल के शिक्षक भी उनके घर पहुंचकर छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई दी। हर्षवती ने बताया कि मुझे गणित का विषय काफी कठिन लगता था. 10वीं में ही सपना था कि मैं टॉप टेन में जगह बना लूं, लेकिन किन्ही कारणों के चलते मैं उस समय टॉप टेन में जगह नहीं बना पाई, लेकिन आज मैं 12वीं में टॉप टेन में जगह बना ली हूं. मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है, लेकिन मैंने टॉप टेन में जगह बना ली है. मेरे पिता किसान है. किसानी का काम करते हैं और जब खाली रहते हैं तो मिस्त्री का काम करते हैं और हमारा लालन पालन करते हैं. मेरे पिता और टीचरों का काफी योगदान रहा है।

### अफसर बनना चाहता है समीर



पूरे प्रदेश में धमतरी के समीर चक्रधारी ने 12वीं में टॉप टेन में जगह बनाते हुए प्रदेश में चौथा स्थाना हासिल किया है. धमतरी से 50 किमी दूर मगरलोड क्षेत्र के भोथीडीह गांव में रहने वाले समीर गरीब किसान परिवार से है. उनके पिता के पास महज 2 एकड़ खेत है. अपना गुजर बसर करने परिवार के लोग मूर्ति बनाते हैं, जो उनका परम्परागत पेशा है. समीर भविष्य में सिविल सेवा की परीक्षा देना चाहता है, जिसके लिए उसे छत्तीसगढ़ सरकार से मदद की उम्मीद है. समीर गणित संकाय का छात्र है. घर में माता पिता के अलावा समीर और उसकी छोटी बहन रहते हैं।



## चौकीदार के बेटे ने 12वीं में हासिल किया 7वां स्थान

बलरामपुर के छोटे से गांव शिवारी के रहने वाले पीयूष कुमार कन्नौजिया ने 12वीं की परीक्षा में 7 वां स्थान प्राप्त कर न केवल अपना बल्कि पूरे परिवार का नाम रौशन किया है. पीयूष के पिता वनविभाग में चौकीदार (संविदा पर) है. मां मितानिन है. पीयूष ने बताया कि घर की कुल आय महज 13 हजार रूपए हैं. ये करीब 8 हजार रूपए थी, लेकिन पिता की सैलरी कुछ महीने पहले ही 12 वर्षों बाद बढ़ी है। लेकिन पिता जितेंद्र कुमार कन्नौजिया ने बेटे की पढ़ाई के लिए कभी कोई कसर नहीं छोड़ी. बेटा पढ़ लिखकर परिवार का नाम रौशन करें इसलिए उसे हर वो किताब दिलाई जिससे उसे पढ़ाई में मदद मिले. पिता पीयूष को रोजाना कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते। पीयूष ने बताया कि उनके बाबा (दादा) तीसरी तक पढ़े है. दादी कभी स्कूल नहीं गई. यही कारण है कि उनकी इच्छा ये थी कि घर का बेटा पीयूष पढ़ लिखकर घर का नाम रौशन करें। पीयूष कहते है कि मेरे बाबा मुझे रात में 2-3 बजे उठा देते थे और मैं जितनी देर तक पढ़ता था वो भी मेरे साथ जागते रहते थे. नतीजे आने के बाद उनके आंसू नहीं थमे और उनके दादा-दादी करीब आधे घंटे तक खुशी के मारे रोते रहे। वहीं मां ने पीयूष को परीक्षा के 5-6 माह पहले मोबाइल ले लिया और केवल पढ़ाई पर फोकस करने प्रेरित करते थे. यही कारण है कि अब टॉप 10 की लिस्ट में उनका नाम आने के बाद घर के फोन की घंटियां घन-घनाने से नहीं थम रही है।

## रोज 6 से 7 घंटे करती थी पढ़ाईः अंशिका सिंह ठाकुर

वहीं प्रदेश में दसवीं क्लास की अंशिका सिंह ठाकुर ने टॉप टेन में जगह बनाते हुए प्रदेश में चौथे स्थान पर है. उन्होंने 98.17 प्रतिशत अंकों से टॉप किया है. विधानसभा के पास मोहंदी की रहने अंशिका सिंह ठाकुर गवरमेंट हाईस्कूल मोहंदी की छात्रा है. अंशिका ने कहा, कड़ी मेहनत से सफलता मिली. बिना कोचिंग के पढ़ाई की थी. रोजाना 6 से 7 घंटे पढ़ाई करती थी. उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है. उन्होंने कहा, भविष्य में क्या करना है फिलहाल नहीं सोचा है.



## 10वीं-12वीं में स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने किया कमाल

### दसवीं में 21 तो बारहवीं में 8 छात्रों ने टॉप 10 में बनाई जगह

| रैंक | नाम | अंक प्रतिशत | जिला |
|---|---|---|---|
| 1 | सिमरन शबा | 99.50 प्रतिशत | जशपुर |
| 3 | श्रेयांश यादव | 98.33 प्रतिशत | जशपुर |
| 4 | डॉली साहू | 98.17 प्रतिशत | बालौद |
| 4 | अर्पिता शायली | 98.17 प्रतिशत | जशपुर |
| 5 | निधि साहू | 98.00 प्रतिशत | बलौदा बाजार |
| 6 | वंशिका साहू | 97.83 प्रतिशत | राजनांदगांव |
| 6 | दिमित्रा सिंह खरग | 97.83 प्रतिशत | जशपुर |
| 6 | प्रीती समदू | 97.83 प्रतिशत | जशपुर |
| 6 | रसिना चौहान | 97.83 प्रतिशत | जशपुर |
| 7 | आयूष सोनकर | 97.67 प्रतिशत | धमतरी |
| 7 | प्रेरणा साहू | 97.67 प्रतिशत | महासमुंद |
| 7 | उमा बारिथ | 97.67 प्रतिशत | जशपुर |
| 7 | करीना सिंह | 97.67 प्रतिशत | जशपुर |
| 9 | खुशी तुवानी | 97.33 प्रतिशत | बालौद |
| 9 | तनिशा सिंह | 97.33 प्रतिशत | रायपुर |
| 9 | तान्याश्री मढ़रिया | 97.33 प्रतिशत | कांकेर |
| 9 | सलोनी सिंह | 97.33 प्रतिशत | जशपुर |
| 10 | हेमप्रग्या साहू | 97.17 प्रतिशत | बालौद |
| 10 | रिया साहू | 97.17 प्रतिशत | दुर्ग |
| 10 | जागृति प्रजापति | 97.17 प्रतिशत | जांजगीर-चांपा |
| 10 | मोना यादव | 97.17 प्रतिशत | जशपुर |

### कक्षा 12वीं के टॉप 10 में स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों के नाम

### कक्षा 12वीं के टॉप 10 में स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों के नाम

| नाम | जिला | अंक प्रतिशत | रैंक |
|---|---|---|---|
| कोपल अंबस्ट | बलौदा बाजार | 97.00 प्रतिशत | 2 |
| आयुषी गुप्ता | जशपुर | 96.80 प्रतिशत | 3 |
| हर्षवती | बालौद | 96.00 प्रतिशत | 5 |
| अदिति साहू | बलौदा बाजार | 95.80 प्रतिशत | 6 |
| हिमांशी | रायपुर | 95.80 प्रतिशत | 6 |
| यमुना | कबीरधाम | 95.20 प्रतिशत | 9 |
| रिफा जावेरी | कबीरधाम | 95.20 प्रतिशत | 9 |
| नीरज शर्मा | सूरजपुर | 95.20 प्रतिशत | 9 |

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547